Action India 5/11/20 Virtual Soft
4x6

# दिनभर जाम से जूझते रहे लोग



गाजियाबाद/मोदीनगर/एक्शन इंडिया ब्यूरो

पुलिस और प्रशासन की उदासीनता के कारण दिल्ली-मेरठ [illegible]वे पर बुधवार को सुबह से लेकर शाम तक भयंकर जाम लगा रहा। त्योहार के अवसर पर लगे जाम के कारण लोगों को भारी परेशानियों से दो-चार होना पड़ा। गाजियाबाद से मेरठ की ओर जाम के ज्यादा बुरे हालात थे। यहां मिनटों की दूरी लोगों ने घंटों में तय की। बड़ी संख्या में लोग जाम से बचने के लिए वैकल्पिक रास्तों से होकर भी निकले। जल निगम ने मैनहोल बनाने के लिए फफराना रोड के निकट दो दिन पहले ही एक गड्ढा खोदा है। गड्ढे के चारों तरफ दूर तक मिट्टी फैलाकर डाल दी गई है जिससे हाईवे पर वाहनों के निकलने के लिए जगह नहीं बची हुई है। इसी के चलते बुधवार को भी हाईवे पर वाहनों की गति पर विराम लग गया। गाजियाबाद से मेरठ की तरफ वाहनों की कतारें फफराना रोड से लेकर सीकरी खुर्द रोड के सामने तक जा पहुंचीं। स्थिति उस समय ज्यादा विकराल हो गई, जब बड़ी संख्या में वाहन विपरीत दिशा में आ गए। इससे मेरठ से गाजियाबाद की ओर भी वाहनों की लंबी कतारें लग गई। लोगों को मिनटों का सफर तय करने में घंटों का वक्त लग गया। जाम से बचने के लिए बड़ी संख्या में लोग वैकल्पिक रास्तों से होकर भी गंतव्य तक पहुंचे। मेरठ की ओर जाने वालों ने मुरादनगर में गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग को चुना तो गाजियाबाद की तरफ आने वाले लोगों ने निवाड़ी रोड व मोहिउद्दीनपुर से गंगनहर पटरी मार्ग से होकर निकलना बेहतर समझा।

बता दें कि जल निगम की लापरवाही के चलते हाईवे पर आए दिन जाम लग रहा है, लेकिन पुलिस-प्रशासन के स्तर पर ऐसा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है जिससे इस समस्या से स्थायी तौर पर निजात मिल सके। इस बारे में एसएचओ मोदीनगर जयकरण सिंह का कहना है कि जल निगम के अधिकारियों से इस बारे में बात की गई है।

## एयरपोर्ट का पर्यावरण व वन्य जीव पर असर जानने को 10 वर्षों तक होगी निगरानी

ग्रेटर नोएडा/एक्शन इंडिया ब्यूरो

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से प्रभावित वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण को भारतीय वन्य जीव संस्थान दो हिस्सों में रिपोर्ट देगा। एयरपोर्ट के 10 किमी के दायरे में आने वाले वन्य जीव एवं वेटलैंड संरक्षण के लिए पहली रिपोर्ट एक सप्ताह में मिलेगी। दूसरी रिपोर्ट 25 किमी के दायरे में संरक्षण को लेकर होगी। संस्थान ने साइंटिफिक सेंटर स्थापित कर 10 वर्षों तक निगरानी एवं जरूरत के अनुसार संरक्षण की कार्ययोजना को अपडेट करने का सुझाव दिया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जेवर क्षेत्र के छह गांव बनबारीवास, रन्हेरा, किशोरपुर, रोही, पारोही, दयानतपुर की 1334 हेक्टेयर जमीन अधिगृहीत की है। एयरपोर्ट के 10 किमी के दायरे में पर्यावरण पर होने वाले प्रभाव के आंकलन के लिए भारतीय वन्य जीव संस्थान रिपोर्ट व संरक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार कर रहा है। क्षेत्र में वेटलैंड के अलावा काले हिरन, सारस, नीलगाय आदि हैं। इनके संरक्षण की जरूरत होगी। यमुना प्राधिकरण एवं भारतीय वन्य जीव संस्थान के अधिकारियों के बीच बुधवार को आनलाइन बैठक में रिपोर्ट एवं कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। दो चरण में रिपोर्ट दी जाएगी। पहले चरण में एयरपोर्ट क्षेत्र के 10 किमी के दायरे पर रिपोर्ट व कार्ययोजना होगी। दूसरे चरण में 25 किमी का दायरे पर रिपोर्ट व कार्य योजना दी जाएगी।

ग्रेटर नं
ब्यूरो
ग्रेटर
की चेर
विनय
नेहा गु
उनके
उनके
दोनों वे
सूचना
लव कु
अन्य
पहुंचे।
दंपती
122
चेरी
20 व

## यमुना प्राधिकरण सीईओ को सौंपा छह

ग्रेटर नोएडा/एक्शन इंडिया ब्यूरो



भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के कार्यकर्ता बुधवार को यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ.अरुणवीर सिंह मिले। यूनियन के अध्यक्ष बलराज भाटी ने सीईओ को एक ज्ञापन दिया। इसमें कहा गया है कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के करीब 80 फीसद किसानों को 64.7 फीसद अतिरिक्त मुआवजा मिल चुका है, जबकि 20 फीसद किसानों को

आज
मिला
भी आ
मिली
की मां
किया

ने किसानों को आश्वासन
किसानों के हित को ध्यान
अवगत कराया है। इस मौ
सिंह भाटी, उधम भाटी,
भाटी, हातम सिंह भाटी


**VIRTUALSOFT SYSTEMS LTD.**
Regd.Off: S-101, Panchsheel Park, New Delhi-110 017

**NOTICE**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015 that the meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Thursday,12th November, 2020 at 4:30 P.M. at 145, First Floor, Okhla Industrial Estate Phase-III, New Delhi-110 020, to inter-alia, consider and take on record the unaudited Financial Results for the Quarter ended 30th September-2020.

By order of the Board
For Virtualsoft Systems Ltd.
Sd/-
Mukta Ahuja
Company Secretary

Place: New Delhi
Date: 04.11.2020


## त्यौहार वि

आगामी त्यौहारों के मद्देनजर, रेल
में और वृद्धि की गई है। नई घो

| रेलगाड़ी सं. | से–तक | अ |
|---|---|---|
| 03257 | दानापुर – आनन्द विहार ट. जनसाधारण एक्सप्रेस | प्र |
| 03258 | आनन्द विहार ट. – दानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस | |
| 05529 | सहरसा ज.–आनन्द विहार ट. जनसाधारण एक्सप्रेस | सा |
| 05530 | आनन्द विहार ट.–सहरसा ज. जनसाधारण एक्सप्रेस | स |
| 05211 | दरभंगा ज.–अमृतसर ज. जनसाधारण एक्सप्रेस | |

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत


**NOTICE**

"It is to informed to the public at large that Mr. Jai Gopal Mehta s/o Sh. Kishan Lal Mehta (PAN-AFMPM0187P) AND Smt. Poonam Mehta d/o Sh. Nand Lal Arora (PAN-AAJPM9584E) who are the joint owners of Property i.e.

